संबंधित केन्द्रीय मंत्रालयों के विचारों और सभी अन्य संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए निर्धारित किये जाते हैं। कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (सी०ए०सी०पी०) न्यूनतम समर्थन मूल्यों की सिफारिश करते समय अन्य बातों के साथ-साथ उत्पादन की लागत, आदान मूल्यों में परिवर्तन, औद्योगिक लागत संरचना पर प्रभाव, जीवन-यापन की लागत पर प्रभाव, सामान्य मूल्य स्तर पर प्रभाव और किसानों द्वारा प्रदत्त और प्राप्त मूल्यों (व्यापार निबंधन) आदि का भी ध्यान रखता है।

औद्योगिक उत्पादों के मूल्य औद्योगिक लागत एवं मूल्य ब्यूरो (पी०आई०सी०पी०) की सिफारिश पर जब भी उन्हें मामले भेजे जाते हैं, निर्धारित किये जाते हैं। औद्योगिक लागत एवं मूल्य ब्यूरो द्वारा जिन कारकों का ध्यान रखा जाता है उनमें कुल उत्पादन के अधिक प्रतिशत के लिए जिम्मेदार अधिक सक्षम फर्मों की लागत, कच्चे माल और ऊर्जा की खपत के इष्टतम मानकों के साथ-साथ क्षमता उपयोगता और निवल मूल्य पर आय की उचित दर शामिल है। औद्योगिक लागत एवं मूल्य ब्यूरो (वी०आई०सी०पी०) द्वारा संस्तुत मूल्य अधिकतम मूल्यों के अनुरूप होते हैं।

Rescue operation in the Cyclone hit areas of Gujarat

4015. SHRI BRAHMAKUMAR BHATT: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) the details of the rescue operations launched by the State Government, Central Government, Voluntary Organisations in the worst affected areas by cyclone and heavy rains in Gujarat;

(b) the amount, so far, donated by various organisation, individuals to the Chief Minister's Relief Fund for the cyclone affected people;

(c) whether the State Government has demanded financial help from Government;

(d) if so, the details thereof; and

(e) the efforts taken by the State Government/Central Government, Kandla Port Trust and Voluntary Organisations to search the missing persons in the cyclone?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI SOMPAL): (a) As per information received from the Government of Gujarat, the State Government machinery swung into action immediately on receipt of the alert message from the Meteorological Department on 6.6.1998. All the alerts and warnings given by the India Meteorological Department (IMD) were transmitted to the District Administration as well as to the functional Departments. All the collectors were alerted to be prepared for rescue and relief operations in the event of cyclone and heavy rains. They were also asked to put the organisation in place and further advised to plan and coordinate with the District Officers concerned for the availability of boat, swimmers, etc. The volunatary organisations supplemented the efforts of the State Government by distributing food packets. The Central Government was in constant touch with the State Government and with a view to enable the State Government to speed up the relief work, the 2nd quarterly instalment of Centre's share of Calamity Relief Fund to the State for 1998-99 amounting to Rs. 29.03 crore was released, in advance, immediately after the occurrence of the calamity.

(b) Rs. 38.29 crore, as per details given by the State Government.

(c) and (d) Yes, Sir. Rs. 610.65 crore from the National Fund for Calamity Relief.

(e) According to the State Government, they had taken necessary action with the help of Army and Air Force for searching the missing persons. They had also constituted administrative committee at the district level in all the cyclone affected districts for collecting information and identification of missing persons.

उत्तर प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्र में "महाशेर" मछली का विकास

4016. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में "महाशेर" मछली के विकास की विशेष संभावना को देखते हुए सरकार को 98.5 लाख रुपए का प्रस्ताव भेजा है;

(ख) क्या यह सच है कि इस कार्य के लिए स्थल का निर्धारण किया जा चुका है;

(ग) क्या यह भी सच है कि इस आशय का एक पत्र 1996 में भेजा गया था; और

(घ) यदि हां, तो उक्त प्रस्ताव को कब तक स्वीकृति प्रदान कर दी जाएगी और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?